

## बांग्लादेश प्रीमियर लीग में नहीं खेलेंगे क्रिस गेल, टीम ने कार्रवाई की मांग की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। बांग्लादेश प्रीमियर लीग की फ्रेंचाइजी टीम चटगांव चैलेंजर्स ने वेस्ट इंडीज के दिग्गज बल्लेबाज क्रिस गेल के खिलाफ टूर्नामेंट में भाग नहीं लेने की स्थिति में कार्रवाई करने की मांग की है। गेल को 11 दिसंबर से शुरु हो रहे इस टी20 टूर्नामेंट के लिए चौलेंजर्स की टीम ने बांग्लादेश प्रीमियर लीग में खेलने के लिए चुना था। दक्षिण अफ्रीका के घरेलू टी20 टूर्नामेंट मजांसी सुपर लीग में जोजी स्टार्स के लिए निराशाजनक प्रदर्शन करने वाले गेल ने कहा कि उन्हें ये जानकर आश्चर्य हुआ कि उनका नाम टीम में शामिल है। उन्होंने कहा कि उन्होंने खेल से 'ब्रेक लेने' की योजना बनाई हैं। गेल ने कहा, 'मैं बिग बैश खेलने भी नहीं जा रहा हूं। मुझे नहीं पता कि आगे मैं कहां क्रिकेट खेलूंगा। मैं नहीं जानता कि बीपीएल (बांग्लादेश प्रीमियर लीग) में मेरा नाम कैसे पहुंच गया। मेरा नाम एक टीम में था और मुझे नहीं पता कि ऐसा कैसे हुआ।' चौलेंजर्स के टीम निदेशक जलाल यूनुस ने कहा कि उनकी फ्रैंचाइजी ने गेल के एजेंट से बात करने के बाद उन्हें टीम के साथ जोड़ा है।

# डेविस कपः पाकिस्तान को पस्त करने को तैयार भारत

## दोनों के बीच कजाकिस्तान में 29 नवंबर से भिड़ंत होगी

**डेविस कप**

पाकिस्तान के कई टॉप खिलाड़ी इस टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले चुके हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नूर–सुल्तान (कजाकिस्तान)। मजबूत भारतीय टीम से उम्मीद है कि शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले डेविस कप मुकाबले में वह कमजोर पाकिस्तान की चुनौती आसानी से पार कर लेंगे, जिसके नाटकीय परिस्थितियों के बाद तटस्थ स्थल पर आयोजित कराने का फैसला किया गया। स्थल पर अंतिम समय तक अनिश्चितता बनी रही जिससे दोनों टीमों में खिलाड़ियों के चयन को लेकर संदेह रहा। आखिर में अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) ने इस मुकाबले को नूर–सुल्तान में कराने का फैसला किया, क्योंकि उसके स्वतंत्र पंचाट ने पाकिस्तान टेनिस महासंघ की समीक्षा की अपील ठुकरा दी। बता दें कि भारत और पाकिस्तान 13 वर्षों में पहली बार टेनिस मुकाबले में आमने सामने होंगे। ये दोनों टीमें इससे पहले अप्रैल 2006 में एक दूसरे से भिड़ी थी। तब मुंबई ने इसकी मेजबानी की थी। भारत 3–2 से जीता था।

**क्यों पाकिस्तान हुआ कमजोरः** इसे सुरक्षा की चिंताओं का हल निकल गया, लेकिन मुकाबले को अंतिम समय में हटाना टूर्नामेंट के लिए अच्छा नहीं है। सुमित नागल, रामकुमार रामनाथन और अनुभवी लिएंडर पेस जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की उपस्थिति से भारत के आसानी से जीतने की उम्मीद थी, लेकिन पाकिस्तान के शीर्ष खिलाड़ियों जैसे ऐसाम उल हक कुरैशी और अकील खान के हटने से यह मुकाबला बिलकुल ही एकतरफा लगता है।



**पेस बेहतर करेंगे रेकॉर्ड**

46 वर्षीय पेस के लिए सबसे ज्यादा युगल जीत का अपना डेविस कप रेकॉर्ड बेहतर करने का मौका होगा, जिसमें वह 43 जीत से शीर्ष पर हैं। यह रेकॉर्ड उन्होंने पिछले साल चीन के खिलाफ खेलते हुए हासिल किया था। 18 ग्रैंड स्लैम ट्रोफियां हासिल कर चुके पेस डेविस कप पदार्पण कर रहे जीवन नेदुनचेझियान के साथ जोड़ी बनाएंगे। जीवन डेविस कप में खेलने वाले भारत के 75वें खिलाड़ी होंगे।

**भारतीय टीम में कई दिग्गज**

भारतीय खिलाड़ियों में ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट का अनुभव मौजूद है, जबकि पाकिस्तानी खिलाड़ी अब भी आईटीएफ फ्यूचर्स स्तर के टूर्नामेंट में छाप छोड़ने में जूझ रहे हैं। जब तक पाकिस्तान के शीर्ष खिलाड़ी खेल रहे थे, तब तक युगल स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा मौजूद थी लेकिन मुकाबले के स्थल को बदलने के खिलाफ विरोधस्वरूप उनके नहीं खेलने का फैसला करने के बाद यह भी खत्म हो गई। पाकिस्तान के उन जूनियर खिलाड़ियों के लिए सीखने वाला अनुभव होगा जो इस मुकाबले में देश की चुनौती की अगुआई करेंगे। इस मुकाबले की विजेता टीम मार्च में क्रोएशिया में होने वाले 2020 में विश्व ग्रुप क्वॉलिफायर में जगह बनाएगी।

**रामकुमार बनाम मोहम्मद शोएब**

रामकुमार इस मुकाबले में दूसरे नंबर के एकल खिलाड़ी के तौर पर उतरेंगे और वह अपने जीत–हार के रेकॉर्ड को बेहतर कर सकते हैं। रामकुमार शुक्रवार को मोहम्मद शोएब के खिलाफ मुकाबले की शुरुआत करेंगे।

# सभी की तरह मैं भी असफलता से प्रभावित होता हूंः विराट कोहली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने हालांकि इतनी ज्यादा विफलताएं नहीं देखी हैं, लेकिन उनका कहना है कि ऐसा नहीं है कि वह इनसे प्रभावित नहीं होते। इसका हालिया उदाहरण भारत का इंग्लैंड में वनडे विश्व कप सेमीफाइनल मैच में हारना रहा जिसमें टीम को न्यू जीलैंड ने 18 रन से शिकस्त दी।

कोहली ने एक इंटरव्यू में कहा, 'क्या मैं असफलताओं से प्रभावित होता हूं? हां, होता हूं। हर कोई होता है। अंत में मैं एक बात जानता हूं कि टीम को मेरी जरूरत है। सेमीफाइनल में मुझे लग रहा था कि मैं नाबाद लौटूंगा और अपनी टीम को इस मुश्किल दौर से निकाल कर लाऊंगा।'



कोहली ने कहा, 'लेकिन हो सकता है कि वो मेरा अहंभाव हो, क्योंकि आप कैसे भविष्यवाणी कर सकते हो? आपके अंदर सिर्फ मजबूत अहसास हो सकते हैं या फिर इस तरह का कुछ करने की प्रबल इच्छाशक्ति।' वनडे और टेस्ट में क्रमशः 11,500 और 7,202 रन बनाने वाले कोहली अपने पीछे एक विरासत छोड़ना चाहते हैं जिसका अनुसरण आने वाले लोग करें। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने कहा, 'मुझे हारना पसंद नहीं है। मैं बाहर आकर यह नहीं कहना चाहता था कि मैं ऐसा कर सकता था। जब मैं मैदान पर कदम रखता हूं तो यह मेरे लिए सौभाग्य की बात होती है।' उन्होंने कहा, 'जब मैं बाहर आता हूं, तो मैं पूरी तरह थका हुआ होना चाहता हूं। हम उस तरह की विरासत छोड़ना चाहते हैं कि आने वाले क्रिकेटर कहें कि हमें इस तरह से खेलना है।' कोहली की टीम ने हाल में कोलकाता में बांग्लादेश को दो टेस्ट मैचों की सीरीज में 2–0 से मात देकर लगातार 12वीं टेस्ट सीरीज जीती। टीम अब छह दिसंबर से वेस्ट इंडीज के खिलाफ शुरू होने वाली सीरीज की तैयारियों में जुटी है।

## नं-4 की जगह पक्की कर सकते हैं श्रेयस अय्यरः एमएसके प्रसाद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चयन समिति के अध्यक्ष एमएसके प्रसाद ने कहा कि सीमित ओवरों के प्रारूप में श्रेयस अय्यर ने पिछले दो साल में अपने खेल में जो सुधार किया है उससे वह भारतीय क्रिकेट टीम की चौथे क्रम की परेशानी को दूर कर सकते हैं। अय्यर ने नवंबर 2017 में न्यू जीलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय में पदार्पण करने के बाद श्रीलंका के खिलाफ घरेलू मैदान में लगातार दो अर्धशतकीय पारियां खेली थी। 24 साल के इस खिलाड़ी ने इसके बाद दक्षिण अफ्रीका में तीन वनडे खेले लेकिन दो महीने बाद उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया। विश्व कप में भारतीय टीम का अभियान खत्म होने के बाद उन्हें इस साल अगस्त में वेस्ट इंडीज के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए फिर से चुना गया। प्रसाद ने कहा, 'अगर आपको याद हो तो हमने अय्यर को 18 महीने पहले (जब कोहली को विश्राम दिया गया था) एकदिवसीय टीम में शामिल किया था और उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है। दुर्भाग्य से हम उन्हें टीम में बरकरार नहीं रख सके। उन्होंने कहा, अय्यर ने हालांकि अपने खेल में काफी सुधार किया है, जिससे एकदिवसीय और टी20 टीमों में चौथे क्रम की परेशानी से टीम को उबार सकते हैं।'

## न्यूज डायरी



### सानिया मिर्जा 2020 में इस टूर्नामेंट से करेंगी कोर्ट पर वापसी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
मुंबई। भारतीय टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने गुरुवार को कहा कि जनवरी 2020 में होने वाले होबार्ट इंटरनैशनल टूर्नामेंट के जरिए वह मातृत्व अवकाश के बाद प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी करेंगी। तैंतीस साल की सानिया ने पिछली बार अक्टूबर 2017 में चीन ओपन में भाग लिया था। वह होबार्ट इंटरनैशनल में विश्व रैंकिंग में 38वें स्थान पर काबिज यूक्रेन की नादिया किचेनोक के साथ जोड़ी बनाएंगी। पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब मलिक से शादी करने वाली सानिया ने पिछले साल अक्टूबर में बेटे इजहान को जन्म दिया। सानिया ने कहा, 'मैं होबार्ट में खेलूंगी, इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन में खेलूंगी। मैं अगले महीने मुंबई में भी एक टूर्नामेंट में खेलूंगी, हालांकि इस प्रतियोगिता में खेलना मेरी कलाई की चोट पर निर्भर करेगा लेकिन होबार्ट और ऑस्ट्रेलियाई ओपन में जरूर खेलूंगी।'

### राष्ट्रीय नौकायन चौम्पियनशिप की मेजबानी करेगा हैदराबाद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हैदराबाद। अर्जुन लाल, अरविंद सिंह, श्रवण सिंह और सुखमीत सिंह जैसे देश के शीर्ष नौकायन खिलाड़ी दो दिसंबर से यहां के हुसैन सागर झील में शुरू हो रही 38वीं राष्ट्रीय नौकायन चौम्पियनशिप में भाग लेंगे। सात दिसंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 27 राज्यों और संबंधित संघों के 500 से ज्यादा नौकायन खिलाड़ी खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे। नौकायन के राष्ट्रीय कोच इस्माइल बेग ने यहां बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन तेलंगाना नौकायन संघ के तत्वाधान में होगा। उन्होंने बताया कि चौम्पियनशिप में सिंगल स्कल, डबल स्कल, लाइट वेट, ओपन और सिविल डबल स्कल में 2000 मीटर, 500 मीटर की रेस होगी। जिसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाले का चयन शिवर (भोपाल या पुणे) के लिए होगा।

### दीपिका और अंकिता ने ओलंपिक कोटा हासिल किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बैंकाक। दीपिका कुमारी ने यहां 21वीं एशियाई तीरंदाजी चौम्पियनशिप से इतर आयोजित महाद्वीपीय क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में महिला रिकर्व स्पर्धा में स्वर्ण और अंकिता भक्त ने रजत पदक जीतकर भारत के लिये ओलंपिक कोटा स्थान सुनिश्चित किया। इस महाद्वीपीय क्वालीफिकेशन से तीन व्यक्तिगत स्थान हासिल किये जा सकते थे और राष्ट्रीय महासंघ पर लगे निलंबन के कारण राष्ट्रीय ध्वज के बिना खेल रहे भारतीय तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। इनमें शीर्ष वरीय दीपिका और छठी वरीय अंकिता का प्रदर्शन लाजवाब रहा। दीपिका ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मलेशिया की नूर अफीसा अब्दुल को 7–2, ईरान की जहरा नेमाती को 6–4 और स्थानीय तीरंदाज नरीसारा खुनहिरानचाइयो को 6–2 से मात देकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर ओलंपिक कोटा हासिल किया। दीपिका ने कहा, ''हम अपना सर्वश्रेष्ठ करना चाहते थे। लेकिन हम शुरू में थोड़े नर्वस थे। तेज हवा भी चल रही थी।

### श्रीकांत, सौरभ क्वॉर्टर फाइनल में, लक्ष्य और अजय हारे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
लखनऊ। पूर्व चैंपियन किदाम्बी श्रीकांत और सौरभ वर्मा ने गुरुवार को यहां सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वॉर्टर फाइनल में प्रवेश किया लेकिन युवा लक्ष्य सेन पुरुष एकल से बाहर हो गए। इससे पहले 2016 में खिताब जीतने वाले तीसरी वरीयता प्राप्त श्रीकांत ने हमवतन पारुपल्ली कश्यप को 18–21, 22–20, 21–16 से हराया। विश्व में 12वें नंबर का यह खिलाड़ी इस सुपर 300 टूर्नामेंट में अब कोरिया के 7वें वरीय सोन वान हो का सामना करेगा। सौरभ ने हमवतन भारतीय अलाप मिश्रा को 21–11, 21–18 से पराजित किया और अब उनका सामना थाइलैंड के कुनालवत वितिदसार्न से होगा जिन्होंने विश्व चौंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाले बी साई प्रणीत को 21–11, 21–17 से हराया। वॉन ने यह मैच 21–14, 21–17 से जीता।